SHRI GANDHI MAHAVIDYALAYA, SIDHAULI, SITAPUR
श्री गांधी महाविद्यालय, सिधौली, सीतापुर
सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय

पत्रांक : एस0जी0एम0 / / 2023 दिनांक ::

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूच्य है कि वे अबेकस यूपी की वेवसाइट पर अपना एकाउण्ट बना कर अपना एकाउण्ट नम्बर परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ जमा करेंगे। बिना अबेकस नम्बर के किसी भी परीक्षा आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

एग्जाम अलर्ट

परीक्षा फॉर्म के साथ ज़रूरी होगा अबेकस अकाउंट नंबर

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी और संबद्ध डिग्री कॉलेजों में अब छात्रों को परीक्षा फॉर्म जमा करने के साथ एकेडमिक बैंक फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स ऑफ उत्तर प्रदेश (अबेकस-यूपी) का अकाउंट नंबर भी देना होगा। नई शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद सभी छात्रों का एकेडमिक रेकॉर्ड प्रदेश लेवल पर अलग से संरक्षित किया जाना है। प्रदेश सरकार ने सभी विश्वविद्यालयों को अबेकस-यूपी पर एकेडमिक बैंक तैयार करने का निर्देश दिया है। इससे न सिर्फ सभी छात्रों का एकेडमिक अभिलेख एक जगह पर एकत्रित होगा, बल्कि छात्रों को ऑनलाइन डिग्री देने की कवायद भी तेज होगी।

अबेकस-यूपी पर छात्रों के एकेडमिक रेकॉर्ड का पूरा डाटा रखने की कवायद तेज

जानकारी के मुताबिक, छात्रों को अबेकस-यूपी में जाकर खुद अकाउंट बनाकर पंजीकरण कराना है। इसके बाद छात्र अकाउंट की डिटेल विवि से साझा करेंगे जिसके बाद विवि प्रशासन छात्रों का एकेडमिक रेकॉर्ड (डिग्री, मार्कशीट, अन्य रेकॉर्ड) अबेकस-यूपी में अपलोड करेगा। इससे छात्र अपनी लॉगइन आईडी का उपयोग कर अपना एकेडमिक रेकॉर्ड देखने के साथ डाउनलोड भी कर सकेगा। विवि अधिकारियों ने बताया कि इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि नौकरी या दूसरी जगह प्रवेश के समय उनकी मॉर्कशीट और डिग्री वेरिफाई कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सभी प्रपत्र ऑनलाइन ही वेरिफाई हो जाएंगे।

यह है अबेकस

डिजी लॉकर की तरह अबैकस भी विवि और डिग्री कॉलेजों के लिए एक प्लेटफॉर्म है जहां छात्रों के एकेडमिक से लेकर सभी प्रपत्र अपलोड रहेंगे। अबैकस-यूपी राज्य सरकार का एक प्लेटफॉर्म है जिससे सभी छात्रों का डाटा एक जगह एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगा।

"परीक्षा फॉर्म के साथ छात्रों से अबैकस के अकाउंट नंबर की जानकारी मांगी गई है। जिन छात्रों ने अकाउंट नहीं बनाया है उनके फॉर्म जमा नहीं होंगे। सभी को अबेकस पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। फिलहाल, अभी कुछ समय ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से डिग्री मिलेगी।

– संजय मेधावी, रजिस्ट्रार, एलयू